अपनी रिकवरी यात्रा शुरू करें

हमारी समर्पित टीम आपकी सहायता करने के लिए प्रस्तुत है, वो भी गोपनीय रूप से एवं एक ऐसी गति से जो आपके लिए सही है।

खुद आकर हमसे मिलें

खुले रहने के दौरान नॉटिंघम वेलबीइंग हब में आकर हम से मिलें। अपॉइंटमेंट बुक करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सोम, मंगल, बृहस्पति, शुक्र: **सुबह 9.30 बजे से शाम के 4 बजे तक**

बुधवार: **सुबह 9.30 बजे से शाम के 6 बजे तक** एवं शनि: **सुबह 9.30 बजे से दोपहर के 12 बजे तक**

हम Nottingham Wellbeing Hub, 73 Hounds Gate, Nottingham NG1 6BB में स्थित हैं।

हम से ऑनलाइन संपर्क करें

आप **info@nottinghamrecoverynetwork.com** पर हमारी टीम को ईमेल भेज सकते हैं

या आप हमारे ऑनलाइन संपर्क प्रपत्र को निम्नलिखित पर पूरा कर सकते हैं

www.nottinghamrecoverynetwork.com

हमें कॉल करें

0800 066 5362 पर हमारी समर्पित टीम को कॉल करें

सोम, मंगल, बृहस्पति, शुक्र **सुबह 8 बजे से शाम के 6 बजे तक** बुधवार: **सुबह 8 बजे से शाम के 7 बजे तक** शनिवार: **सुबह 9 बजे से दोपहर के 1 बजे तक**

इनके साथ सहयोगिता में

Nottingham City Council

AL-HURRAYA الحرية FREEDOM
CHANGING INDIVIDUALS, TRANSFORMING COMMUNITIES

Recovery from Addiction
Double Impact
Est 1998
Independence & Wellbeing

NHS
Nottinghamshire Healthcare
NHS Foundation Trust

Framework
For your future

Hindi

Nottingham Recovery Network

Drug & Alcohol support in Nottingham

नॉटिंघम शहर में समस्यात्मक तरीके से शराब एवं नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने वाले वयस्कों के लिए **मुफ़्त सहायता, सलाह एवं उपचार की एकल बिंदु**।

अगर आप खुद या आपका कोई परिचित व्यक्ति नशीले पदार्थों के उपयोग से जुड़ी समस्याओं का अनुभव कर रहे हैं, तो हम आपकी मदद कर सकते हैं।

0800 066 5362 पर कॉल करें

ईमेल **info@nottinghamrecoverynetwork.com**

www.nottinghamrecoverynetwork.com

हम कौन हैं

हम, नॉटिंघम शहर में रहने वाले वयस्कों को नशीले पदार्थ एवं शराब संबंधी सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं। हमारी टीम, नॉटिंघम सिटी सेंटर में नॉटिंघम वेलबीइंग हब में स्थित है।

नॉटिंघम में रहने वाले लोगों को हम विभिन्न प्रकार की सेवाएं एवं सहायता प्रदान करते हैं जो इन प्रकार की समस्याओं का अनुभव कर रहे हैं:

- नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से जुड़ी समस्याएं
- शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं
- बेघर होना एवं आवासन संबंधी समस्याएं

हमारी उपचार एवं सहायता पद्धति प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत ज़रूरतों पर आधारित है, एवं हमारी टीम के साथ हुई पहली मुलाकात से लोग गहन वैयक्तिकृत रिकवरी सहायता प्राप्त करेंगे।

हम एक स्थायी मंच प्रदान करते हैं जहाँ से लोग उनकी सुविधानुसार समयावधि में एक वहनीय आधार पर अपने स्वास्थ्य एवं कल्याण का पुनःनिर्माण कर सकते हैं।

साथ ही हम इनके लिए भी सहायता प्रदान करते हैं:

नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से जुड़ी समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों, पति या पत्नी एवं देखभालकर्ता।

सहायता एक्सेस करना

अगर आप या आपके किसी परिचित व्यक्ति को उनके नशीले पदार्थ एवं शराब के इस्तेमाल के लिए सहायता की आवश्यकता है तो आप कई तरीकों से हम से बात कर सकते हैं:

- मूल्यांकन के लिए वेलबीइंग हब में जाएं (किसी अपॉइंटमेंट की आवश्यकता नहीं है)
- **0800 066 5362** पर हमारी टीम को कॉल करें
- **info@nottinghamrecoverynetwork.com** पर हमें ईमेल करें

अगर इस बीच कोई अन्य सेवा आपकी सहायता कर रही है, तो आपके सपोर्ट वर्कर भी आपकी ओर से रेफरेल भेज सकते हैं।

हमारी टीम के एक सदस्य आपके साथ एक मूल्यांकन पूरा करेंगे, एवं आपके व्यक्तिगत उपचार एवं रिकवरी (स्वास्थ्य लाभ) योजना के आधार पर आपके साथ आगे बढ़ने के लिए एक उपाय पर सहमत होंगे। इसके बाद आपकी संपूर्ण रिकवरी यात्रा के दौरान एक समर्पित की वर्कर (मुख्य कर्मी) आपके साथ मिलकर एक-से-एक आधार पर काम करेंगे।

हमारा समुदाय

एक व्यक्तिगत सहायता योजना, हमारे साथ आपकी यात्रा का केवल एक हिस्सा है। साथ ही हम अन्य सहायता भी प्रदान करते हैं, जिसमें शामिल है:

- डीटॉक्स एवं रीहैब तक पहुँच जिसमें शामिल है सामुदायिक रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम
- दी अकादमी – *एक हब जहाँ रिकवरी के दौरान लोग दूसरों से कनेक्ट कर सकते हैं जो उन्हीं के समान अनुभवों से गुज़रे हैं*
- प्रशिक्षण तक पहुँच – *जिसमें मान्यता प्राप्त योग्यताएं शामिल हैं*
- समूहों तक पहुँच – *सहायता एवं कल्याण समूह शामिल हैं*
- सेफ स्पेसिज – *वेलबीइंग हब में स्थित*
- नियोजन सहायता – *उन लोगों के लिए जो खुद को काम पर वापस लौटने के लिए तैयार मानते हैं।*

Nottingham Recovery Network

@NottsRecovery

@NottmRecoveryNetwork